लेफ्टिनेंट कमांडर्स को सर्टिफिकेट कोर्स कराएगा आईआईएम

भारतीय प्रबंध संस्थान द्वारा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सर्टिफिकेट प्रोग्राम कराया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम की अवधि 27 दिसंबर 2023 से 9 जून 2024 तक 6 माह की है। रक्षा मंत्रालय के डायरेक्टरेट रिसेटलमेंट जोन के साथ मिलकर यह सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू किया गया है। इस कोर्स को खास तरह से रक्षा कर्मियों के लिए तैयार किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 4 जनवरी को आईआईएम में होगा। पहले बैच में 30 नौसेना अधिकारी हैं, जो लेफ्टिनेंट कमांडर हैं।

मिलेंगे मैनेजमेंट टिप्स

इस छह महीने के सर्टिफिकेट कोर्स का उद्देश्य नौसेना अधिकारियों को कॉर्पोरेट और गैर-कॉर्पोरेट वर्ल्ड के मैनेजमेंट टिप्स देना है। उन्हें आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में वर्तमान और उभरते हुए वैश्विक अभ्यासों से परिचित कराया जाएगा। इसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को इसका गहरा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रो.एम.कन्नडासन और प्रो.आनंद कुमार ने कहा, इसमें हम सभी पहलुओं को शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं। पाठ्यक्रम विभिन्न तथ्यों से समृद्ध है।

Haribhoomi (Raipur bhoomi), 03rd January, 2024, P.02